रविवार
18 फरवरी 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



लूटपाट की साजिश करते चार बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

# किशनगंज में गरजे ओवैसी कहा ...गिरगिट से भी तेज रंग बदलते है नीतीश

**केटी न्यूज/किशनगंज**

बिहार के सीमांचल में एआईएमआईएम के चीफ असदुद्दीन ओवैसी अपने 3 दिन दौरे पर पहुंच चुके हैं। पहले दिन उन्होंने किशनगंज के पौआखाली में जनसभा को संबोधित किया। सभा में औवैसी ने सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को जमकर लताड़ा। इस दौरान उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार गिरगिट से भी तेज रंग बदलते है। गिरगिट भी उन्हें देखकर शर्माते होंगे। बता दें कि पौआखाली मेला ग्राउंड पर ओवैसी के पहुंचते ही उनका जोरदार स्वागत किया गया। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमान ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जनसभा के दौरान ओवैसी के टारगेट पर बिहार सरकार, केंद्र सरकार, राहुल गांधी और आरजेडी थी। उन्होंने नीतीश कुमार के एनडीए में शामिल होने पर तंज कसा और कहा कि लोग मुझे बीजेपी की बी टीम बताते थे। लेकिन, मैं नहीं बदला नीतीश कुमार बदल गए। नीतीश ने बिहार की जनता को धोखा देने का काम किया है। इसके सिर्फ नीतीश ही नहीं बल्कि तेजस्वी यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जिम्मेदार हैं।



**नीतीश और तेजस्वी पर ओवैसी का हमला :** राजद पर निशाना साधते हुए ओवैसी ने कहा कि नोटों के बल पर मेरे चारों विधायक को खरीद लिया। आखिर क्या हुआ। तेजस्वी से पूछने पर कहेंगे कि चाचा नीतीश ने हमको छोड़ दिया। नीतीश कुमार से पूछेंगे तो वो कहेंगे कि हम मर भी जाएं तो भी वहां नहीं जाएंगे। लेकिन नीतीश कुमार और गिरगिट को सामने रखा जाए तो गिरगिट कहेगा मुझे इससे शर्मा आती है। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है की मैं सीमांचल आकर सीमांचल की विकास के लिए लड़ता हूं और उनके हित की बात करता हूं और लड़ता रहूंगा। किशनगंज

## कभी हमें भी तो गले लगाईये मोदीजी : ओवैसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13-14 फरवरी तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में थे। जहां पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया गया। अपने दो दिवसीय यूएई दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की और उन्हें गले से लगा लिया। यूएई के राष्ट्रपति के साथ पीएम मोदी के गले मिलने पर एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा कि दुबई के शेख से मिले। इतना गले लगा लिये कि वो भी परेशान नजर आ रहा था कि क्या मोहब्बत है। ओवैसी ने आगे कहा कि मोदी जी कभी हमको भी आप गले लगा लेते। बिलकिस बानो के सिर पर मोदी जी हाथ रख देते बोलते कि तू मेरी बेटी है। लेकिन मोदी जी को उस शेख से ज्यादा मोहब्बत है। अपने तीन दिवसीय दौरे पर ओबैसी बिहार के सीमांचल में हैं। बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव 2020 में ओवैसी की पार्टी ने इस क्षेत्र में जबरदस्त प्रदर्शन किया था। अपने दौरे के दूसरे दिन किशनगंज के कोचाधामन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रहमत पाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए ओबैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। कहा कि आपकी पार्टी में एक भी मुस्लिम एमपी नहीं है और ना ही एक भी मुस्लिम मिनिस्टर है। मोदी जी बोलते हैं सबका साथ..सबका विश्वास और सबका विकास यह बोलने में अच्छा लगता है लेकिन अमल में नहीं लाया जाता है। तीसरी मर्तबा भारत का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ना बने। इंशा अल्लाह दोबारा बीजेपी सत्ता में ना आए। यही कामना करता हूं। तेजस्वी और गठबंधन के लोग कहते हैं कि ओबैसी की वजह से मोदी पीएम बना। जब मेरे सामने आते हैं तो हम तेजस्वी और गठबंधन से पूछते है कि बोलो बाबू..कैसे मोदी पीएम बने।

## रोजगार सृजन करने में एनडीए की सरकार रही है विफल, युवाओं के रोजगार में होती है कटौती : उदित राज

**पटना।** पटना स्थित सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रेसवार्ता किया गया। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद उदित राज और कांग्रेस नेता शकील अहमद खान मौजूद थे। उदित राज ने मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपीए के समय में 33 लाख केंद्रीय कर्मचारी थे जबकि एनडीए के समय में 31 लाख केंद्रीय कर्मी बचे हैं। कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि कांग्रेस और राजद के दवाब में बिहार में दो लाख नौकरी मिली। यूपीए के शासनकाल में शिक्षा का बजट चार फीसद था। वहीं एनडीए के समय में शिक्षा का दो फीसदी बजट में आवंटन है। उन्होंने कहा कि पीएमओ से सवालों की लिस्ट मिलती है। वहीं कांग्रेस नेता शकील अहमद खान ने विधायक खरीद फरोख्त पर कहा कि मामले की जांच ईओयू को सौंपा जाए। मैंने जदयू के विधायकों को डरा हुआ खौफ में देखा। वो खुद परेशान थे, तोड़ने की बात तो कांग्रेस के साथ हो रही थी। जांच जरूर हो, लेकिन सरकार अपने नौकरी के वादे से पीछे न हटे। शकील अहमद खान ने आगे कहा कि पूर्व मंत्रियों के समक्ष फैसले का स्वागत किया।



### इस बार के चुनाव में एनडीए रहेगा चार सौ के पार

# सूबे के हित व विकास में हो रहा है कार्य : नीतीश

- नीतीश ने ठुकराया लालू-तेजस्वी का ऑफर
- नीतीश ने कहा - एनडीए में आने के बाद आराम से काम कर रहे, मंत्रिमंडल विस्तार पर भी दी जानकारी

**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बिहार के सीएम नीतीश कुमार को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीतीश कुमार दोबारा इंडिया गठबंधन में आते हैं, तो देखेंगे। उसके बाद अब लालू के इस बयान पर सीएम नीतीश कुमार की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। नीतीश कुमार ने कहा है कि-लालू के बयान का कोई मतलब नहीं है। हम लोग इधर आ गए हैं और आराम से काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जब पूछा गया कि आपके जाने के बाद इंडिया गठबंधन में कई लोग निकल गए हैं तो उन्होंने कहा कि हमने तो नाम भी नहीं दिया था। लेकिन अब इंडिया गठबंधन खत्म हो गया। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जब पूछा गया कि जातिगत गणना को लेकर राहुल गांधी अपना नाम ले रहे हैं उन्होंने कहा कि मीटिंग में जब हम बोलते थे कभी कुछ बोलना था क्या जातिगत गाना मेरा किया हुआ है इसके आलावा सीएम नीतीश कुमार ने पीएम मोदी के 400 पर वाली गारंटी को लेकर कहा कि- इस बार एनडीए पिछले बार से ज्यादा सीट जीतेगी प्रधानमंत्री ने बिल्कुल ठीक कहा है। नीतीश कुमार ने कहा कि - कपूर्री ठाकुर ने शराबबंदी किया था और अब उनके जाने के बाद हम उनके रास्ते पर चलकर फिर से शराबबंदी कर चुके हैं और कितना अच्छा काम हो रहा है। उधर, राजद के साथ रहते हुए गड़बड़ी की चर्चा को लेकर सीएम ने कहा कि- निश्चित तौर पर अगर गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच होगी। चाहे वो किसी का विभाग रहा हो हमलोग काम करते हैं जो गड़बड़ होता है तो उसका जांच करवाया ही जाता है इसमें कहां कोई अलग बात है, यदि गलत किया होगा तभी तो डर होगा। आरजेडी ने कभी भी विकास को प्रोत्साहित नहीं किया है।



## बाबा विश्वनाथ के शरण में पहुंचे राहुल गांधी ने की दर्शन-पूजन

**वाराणसी।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा यूपी में दूसरे दिन वाराणसी पहुंची। न्याय यात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ लीडर जयराम नरेश, सिराथू विधायक पल्लवी पटेल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं अनुराधा मोना सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल थे। न्याय यात्रा गोलगड्डा से शुरू होते हुए विशेश्वरगंज, चौक होते हुए विश्वनाथ मंदिर पहुंचा. जहां पर राहुल गांधी ने भगवान विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया। राहुल गांधी का काफिला गोदौलिया की तरफ बढ़ा तो उन्होंने बनारस की मक्खन - मलाई का स्वाद गाड़ी के छत पर बैठ कर चखा। इस दौरान दुकानदार से भी बात किया। सुरभि पांडे ने राहुल गांधी से ऑटोग्राफ लिया। सुरभि का सेलेक्शन अभी-अभी इंडिगो में पायलट के तौर पर हुआ है। राहुल गांधी का कारवां गोदौलिया पहुंचा जहां हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा इस दौरान उन्होंने कहा कि मणिपुर से महाराष्ट्र तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की गई है। राहुल गांधी ने जीएसटी, बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दे पर सरकार को गिरने का काम किया।

## दहला बेगूसराय, एक ही परिवार के 3 सदस्यों की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/बेगूसराय**

बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की खुलेआम गोलीमार हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को अंजाम हथियारबंद अपराधियों ने दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के गोविंदपुर वार्ड संख्या 9 में हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। एक ही परिवार के तीनों लोगों की गोली मारकर मौत के घात उतार दिया। मृतकों की पहचान साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर श्रीनगर निवासी 60 वर्षीय उमेश यादव, 25 वर्षीय राजेश यादव और बेटी 21 वर्षीय नीलू कुमारी के रुप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के श्रीनगर छर्रापट्टी निवासी उमेश यादव के पुत्री लूसी कुमारी की शादी गोविंदपुर वार्ड 9 निवासी संजय यादव के बेटे ललन यादव के साथ से हुई थी। इस दौरान संजय यादव के परिवार के लोग अपने रिश्तेदार के यहां बराबर श्रीनगर छर्रापट्टी आती थीं और नीलू भी बराबर अपनी बहन लूसी के घर गोविंदपुर जाती थी। इसी दौरान लूसी के देवर हिमांशु से नजदीकी जान पहचान हो गई। जिसमें कुछ दिन पहले नीलू की शादी हिमांशु यादव के साथ हुई थी। लेकिन वह लोग लड़की को रखना नहीं चाहता था। उसी के परिवार में किसी अन्य की शादी होनी थी। इसकी जानकारी मिलने के बाद आज उमेश यादव अपने पुत्र राजेश कुमार एवं पुत्री नीलू के साथ गोविंदपुर पहुंच गए और घर में रखने का दबाव बनाने लगे। इसी बात से गुस्सा होकर इस घटना को अंजाम दिया है। एसपी मनीष भी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

## पटना में 1 मिनट में ज्वेलरी शॉप लूटा पांच लाख के गहने

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में दिनदहाड़े कट्टा-पिस्टल लेकर घुसे अपराधियों ने 1 मिनट में ज्वेलरी शॉप लूट ली। लुटेरों ने दुकान के मालिक और कस्टमर को डराकर 5 लाख के सोने-चांदी के गहने लूट ले गए। वारदात के बाद मौके से अपराधी हथियार लहराते हुए फरार हो गए। इससे जुड़ा एक सीसीटीवी भी सामने आया है। घटना पटना के गौरीचक इलाके के सोहगी मोड़ के पास की है। पीड़ित दुकानदार सोनी कुमार ने बताया कि सोहगी मोहल्ले के कुश पर उनकी मां शीतला ज्वेलर्स दुकान है। शनिवार दोपहर लगभग दो से तीन बजे के बीच पांच की संख्या में अपराधी दुकान में घुस आए। सभी अपराधियों ने अपने चेहरे ढक रखे थे। चार के हाथ में हथियार था। दुकान में घुसते ही हथियार के बल पर मुझे अपने कब्जे में ले लिया और दुकान के काउंटर में रखे गए जेवर और नगद रुपए लूट कर आराम से फरार हो गया। घटना के बाद गौरीचक थाने में इसकी लिखित शिकायत दी है। जिसमें उन्होंने थाने को घटना का सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया है। इस संबंध में पटना सिटी एसपी पूर्वी भारत सोनी ने बताया कि अपराधियों ने हथियार के बल पर दुकान में लूटपाट की है।

## कर्ज से तंग आकर शराबी पिता ने पेट्रोल डाल लगाई आग जिंदा जल गए 3 मासूम, मौत

**केटी न्यूज/कटिहार**

कर्ज से तंग आकर पिता ने घर में आग लगा लगा ली। जिसमें 03 मासूम बच्चों की जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं घर में कोहराम मच गया। इस आगलगी की घटना में एक महिला भी पुरी तरह से झुलस गई है। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। यह दुर्घटना कटिहार जिले कदवा थाना क्षेत्र के जाजा गांव की है। वहीं ग्रामीण सूत्रों कि मानें तो कर्ज में डूबे पिता ने पहले पेट्रोल डालकर बच्चों को आग लगाई इसके बाद खुद को भी आग के हवाले कर दिया। मासूम मृतकों की पहचान 9 साल की रिंकी कुमारी, 12 साल के राजा कुमार और 13 साल के शुभंकर कुमार के रूप में हुई है। दुघर्टना की सूचना मिलते ही कदवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जूट गई है। दुघर्टना में मृत दोनों बच्चों की कानून कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार कदवा थाना क्षेत्र के जाजा गांव निवासी दिनेश सिंह के घर में देर रात हुई। पूर्व मुखिया दिलीप यादव ने कहा कि मृत बच्चों के पिता दिनेश सिंह ने शराब के नशे में बच्चों व स्वयं पर पेट्रोल डालकर खुद ही आग लगा ली। ग्रामीणों ने उसे शाम में पेट्रोल लाते देखा गया था। वह पुरी तरह से कर्ज में डूबा चुका था। पूर्व मुखिया ने बताया कि दिनेश सिंह की पत्नी ने पहले एक बेटी की शादी के लिए ग्रुप लोन लिया था। जिसे चुकाने के लिए दिनेश सिंह पंजाब में रहकर मजदूरी करता था। कर्ज के कारण मानसिक रूप से परेशान रहता था। वहीं शराब की लत लग चुकी थी। आए दिन नशे में पत्नी के साथ मारपीट करता था। जिससे तंग आकर पत्नी एक सप्ताह पहले उसे छोड़कर चली गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि उसके ऊपर कर्ज चुकाने और बाकी चार बच्चों की परवरिश के लिए कर्ज का बोझ बढ़ते जा रहा था। मुखिया ने बताया कि दिनेश के 5 बच्चों में 3 की मौत हो चुकी है।






### ड्रग व फार्मा मैनुफैक्करिंग कल्चर को बढ़ावा देने को तैयार है उत्तर प्रदेश सरकार

# फार्मा हब बनने को तैयार यूपी, 4 दिग्गज कंपनियां करेंगी निवेश

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को फार्मा हब बनाने की योगी सरकार की नीतियां देश की नामचीन मेडिकल कंपनियों को काफी रास आ रही हैं। इसके चलते प्रदेश में फार्मा सेक्टर की दिग्गज कंपनियां बड़े स्तर पर निवेश के लिए उत्सुक हैं। इसी क्रम में, तेलंगाना की चार दिग्गज फार्मा कंपनियों ने प्रदेश में करोड़ों रुपए के निवेश की तैयारी की है। साथ ही ये कंपनियां ड्रग व मेडिकल पार्कों के विकास व उत्तर प्रदेश को फार्मा सेक्टर का हब बनाने के रोडमैप पर भी कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि 18 जनवरी को योगी सरकार ने हैदराबाद में फार्मा कॉन्क्लेव का आयोजन किया था। इसमें उत्तर प्रदेश में ड्रग व फार्मा मैनुफैक्करिंग कल्चर को बढ़ावा देने और सरकार द्वारा बनाई गई फार्मा पॉलिसी के साथ ही दी जा रही सहूलियतों के बारे में जागरूकता का प्रसार किया गया। यही कारण है पिछली सरकारों में अवहेलना का दंश झेल रहा उत्तर प्रदेश अब दिग्गज फार्मा कंपनियों की व्यापक उपस्थिति के साथ ड्रग व फार्मा सेक्टर में भी देश का ग्रोथ इंजन बनने के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।



**फार्मा कॉन्क्लेव बना निवेश आकर्षित करने का माध्यम:** हैदराबाद में 18 जनवरी को आयोजित किए गए फार्मा कॉन्क्लेव के जरिए योगी सरकार ने प्रदेश को ड्रग व फार्मा मैनुफैक्करिंग क्लस्टर के तौर पर विकसित करने और बड़ा हब बनाने की अपनी मंशा जाहिर की थी। इस आयोजन से इच्छुक निवेशकों के नेतृत्व के साथ व्यक्तिगत बैठकें करके निवेश का मार्ग प्रशस्त किया था। इसी के फलस्वरूप डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने यीडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के पास या नोएडा/ग्रेटर नोएडा में अन्य रणनीतिक स्थान पर एक अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने में रुचि व्यक्त की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क के भीतर निवेश के अवसर तलाशने में रुचि दिखाई है, जिसके लिए 150 एकड़ से अधिक भूमि की आवश्यकता है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में फार्मास्युटिकल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने मेडिकल डिवाइस पार्क, नोएडा या ग्रेटर नोएडा में एक बायोटेक प्रयोगशाला और एक विनिर्माण इकाई स्थापित करने में भी रुचि दिखाई है। प्रदेश को ड्रग व फार्मा मैनुफैक्करिंग क्लस्टर के तौर पर विकसित करने और बड़ा हब बनाने के लिए वीबीएल तथा रॉलवेल इंडस्ट्रीज ने भी रुचि जताई है। वीबीएल द्वारा लगभग 10-15 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश और लगभग 5-10 एकड़ भूमि की आवश्यकता के साथ, मेडिकल डिवाइस पार्क, नोएडा या आसपास के क्षेत्र में सांप के जहर एंटीसीरम को निकालने के लिए एक अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की।

# आरा में लूटपाट की साजिश करते चार बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

- बदमाशों के पास से देसी कट्टा बरामद, पूछताछ के बाद भेजे गए जेल

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर की गजराजगंज ओपी की पुलिस ने लूटपाट की साजिश करते चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक देसी कट्टा भी बरामद किया गया है। चारों को शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र के कारीसाथ गांव स्थित छोटकी पुल के पास एक बागीचे से बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों में कारीसाथ गांव निवासी मनोज सिंह के पुत्र मंटू सिंह, सत्येंद्र सिंह के पुत्र रमेश सिंह, यदुनंदन सिंह के पुत्र शशिकांत सिंह और सोहराब हुसैन के पुत्र इस्लाम हुसैन शामिल हैं। पूछताछ में चारों ने लूट की प्लानिंग के लिए जमा होने की बात भी स्वीकार की है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात सूचना मिली कि कारीसाथ गांव स्थित छोटकी पुल के पास एक बागीचे में कुछ अपराध कर्मी हथियार के साथ जमा हैं। अपराध कर्मी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। उस आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी और हथियार की बरामदगी को लेकर ओपी इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गयी। टीम द्वारा बागीचे में छापेमारी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान एक कट्टा भी बरामद किया गया। पूछताछ में पता चला कि चारों लूटपाट की घटना की प्लानिंग कर रहे थे।ऐसे में पुलिस की सक्रियता से लूट की एक घटना को टल गयी। एसपी ने बताया कि चारों से कट्टा के बारे में पूछताछ की गयी। कट्टा देने वालों की भी जानकारी ली गयी। चारों का आपराधिक इतिहास



## सुरक्षित शनिवार के तहत बच्चों को जलजमाव, बोरवेल के बारे में दी गई जानकारी

**औरंगाबाद।** सुरक्षित शनिवार के तहत बच्चो को बिजली घात, जलजमाव से परेशानी एवं बोरवेल से होने वाली दुर्घटनाएं के बारे में प्रखंड के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय जैतिया में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रभारी रवींद्र पासवान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में नामित शिक्षका फरहत बानो ने बच्चो को जानकारी दिया गया। उन्होंने बच्चो को बताते हुए कहा कि बिजली घात के कई लोगो की असमय मृत्यु हो जाती है। जलमाव से कई तरह के संक्रमित बीमारी होती है। जिससे सबसे ज्यादा बच्चे प्रभावित होते हैं। बोरवेल से भी बड़ी दुर्घटना हो जाती है। ऐसी स्थिति में सावधानी बरतनी काफी आवश्यक है। मौके पर उपस्थित समग्र शिक्षा अभियान के सामुदायिक प्रशिक्षक अनिरुद्ध विश्वकर्मा उर्फ दिलीप ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण लाने के लिए सरकार ने बैगलैस के दिन सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम आयोजन किया है। जिसका सफल असर देखा जा रहा है। बच्चों का विद्यालय में ठहराव हो रहा है। बिजली द्वारा संचालित उपकरण को स्पर्श नहीं करें।

## एक नजर

### अधिवक्ता हित के लिए संघर्ष करना पहली प्राथमिकता

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ का द्विवार्षिक चुनाव 2022-24 का चुनाव संपन्न हों गया जिसमें अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनरायण सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, उपाध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा, क्षितिज रंजन, सुर्दशन यादव, संयुक्त सचिव दिलीप कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, सियाराम पांडे, सहायक सचिव- सतीश कुमार स्नेही, श्यामनंदन तिवारी, पवन कुमार सिंह, निगरानी सदस्य- अनिल आशुतोष, अंकेक्षक- अनिल कुमार सिन्हा, पुस्तकालय अध्यक्ष- चंद्रकांता कुमारी, वरिष्ठ कार्यसमिति सदस्य- अकमल हसन, यमुना प्रसाद सिंह, विनय कुमार मिश्रा, महेश प्रसाद सिंह, मिथलेश कुमार, कार्यसमिति सदस्य योगेश कुमार मिश्रा, विनय द्विवेदी, धनश्याम ठाकुर, सुरेश प्रसाद, नीरज कुमार सिंह, इम्तेयाज अंसारी एवं संजय कुमार निर्विचित किए गए। निर्वाचित अधिवक्ता ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित के लिए संघर्ष करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। अधिवक्ता कल्याण निधि की धनराशि बढ़ाने के लिए सरकार से मांग की जाएगी। प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक पारित कराने का भी प्रयास किया जाएगा।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले को सजा

**औरंगाबाद।** शादी का झांसा देकर अवैध शारीरिक संबंध बनाने मामले में एक अभियुक्त को 10 साल की सजा सुनाई गई है। सजा प्राप्त अभियुक्त गोह थाना क्षेत्र के रफीगंज रोड निवासी अभय कुमार हैं। व्यवहार सिविल कोर्ट के एडीजे सह स्पेशल पॉक्सों कोर्ट सुनील कुमार सिंह ने गोह थाना की एक कांड में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त को सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त को दोषी ठहराया गया था। जिसमें आज अभियुक्त को 10 साल की सजा एवं 25 हजार जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना न देने पर छह माह अतिरिक्त कारावास होगी। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर छह माह तक अवैध शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद शादी करने से इंकार कर दिया जिसमें पीड़िता ने आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी तथा न्याय की गुहार लगाई थी।

### गुमशुदा किशोर गया से बरामद

**औरंगाबाद।** एटीएम से पैसे निकालने गए गुमशुदा किशोर को बारुण पुलिस ने बरामद किया गया। किशोर की पहचान थाना क्षेत्र के दिग्ही गांव संतोष कुमार सिंह के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। मामले में किशोर के पिता ने बीते दिनों गुमशुदी का रिपोर्ट दर्ज.करवाया था जिसमें बताया कि उनका पुत्र एटीएम से पैसा निकालने बारूण गया था , देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन की गई। इस दौरान उसके मोबाइल फोन पर भी संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उससे बात नहीं हो सका। तत्पश्चात उन्होंने पुलिस से खोजबीन की गुहार लगाई। पूछ-ताछ में किशोर ने बताया कि एटीएम से पैसे निकाल कर घर जा रहा था लेकिन बीच रास्ते में पैसे कहां गिर गए , उसे पता नहीं चला। पैसे खो जाने पर परिजनों द्वारा डाट -फटकार की डर से वह घर जाने की बजाय ट्रेन से गया चला गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में किशोर की छानबीन की गई जिसमें मोबाइल लोकेशन के आधार पर किशोर को गया से बरामद किया गया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सुपुर्द कर दिया गया।

### आर्म्स एक्ट में दो आरोपित को हुई सजा

**औरंगाबाद।** वाहन जांच के दौरान अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ पकड़े गए , दो आरोपियों को सजा और जुर्माना लगाया गया है। जबकि एक अन्य अभियुक्त की अनुपस्थिति पर वारंट निर्गत किया गया है। सिविल कोर्ट के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नेहा दयाल ने बारूण थाना की एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दो काराधीन बंदी अभियुक्त कटिहार जिले के जुराबगंज निवासी अविनाश कुमार एवं विशाल यादव को आर्म्स एक्ट में सजा सुनाई है। सहायक अभियोजन पदाधिकारी संजय सिंह ने बताया कि दोनों काराधीन अभियुक्त को आर्म्स एक्ट में तीन साल की सजा एवं पांच हजार जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना न देने पर एक माह अतिरिक्त साधारण कारावास होगी। इसके अलावा एक अन्य अभियुक्त मंडल बंजारा को न्यायालय में अनुपस्थित रहने पर बंधपत्र विखंडित कर वारंट जारी किया गया है। अधिवक्ता कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि बारूण रेलवे ब्रिज के नीचे पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान एक देसी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था जिसमें पुलिस पदाधिकारी ने अभियुक्तों के प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों काराधीन बंदी अभियुक्तों को सजा सुनाई जाने के पश्चात जेल भेज दिया गया है।

### उपभोक्ता अदालत ने पीड़ित को दिलाई न्याय

**औरंगाबाद।** उपभोक्ता अदालत ने एक वाद में सुनवाई के दौरान आवेदक नरारी कलां थाना क्षेत्र के सदूरी कर्मा निवासी राजेन्द्र विश्वकर्मा को बीमा कंपनी की और से 478470 रूपए का चेक दिलाई है। यह चेक उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह द्वारा आवेदक को प्रदान किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि आवेदक की पत्नी मधुलता देवी के नाम से पी.एन.बी. मेट लाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में बीमा था। इनकी पत्नी का इलाज के क्रम में गंगा सेवा सदन बनारस में मृत्यु हो गई थी। कंपनी बीमा राशि देने में टालमटोल कर रही थी। पीड़ित ने कई बार कंपनी के अधिकारियों को आवेदन दिया था। परंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। थक-हार कर पीड़ित ने उपभोक्ता फोरम में आवेदन दिया। उपभोक्ता फोरम में दोनों पक्षों की बात सुनी गई। सभी पहलुओं पर गैर करने के बाद उपभोक्ता फोरम ने पीड़ित के बात को सत्य मानते हुए आदेश दिया कि यथाशीघ्र उनकी राशि का भुगतान किया जाए। यदि निर्धारित समय अवधि में राशि का भुगतान नहीं होता है। तो फोरम उस पर जुर्माना भी लगा सकता है।

## खबरें फटाफट

### जंगल में शराब निर्माण का भंडाफोड़, कारोबारी फरार

**औरंगाबाद।** उत्पाद विभाग ने बिहार – झारखंड के बॉर्डर इलाकों में बड़ी कार्रवाई की हैं। इस कार्रवाई से कारोबारियों के मंसूबों पर पानी फिर गया, वहीं इस करोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप सा मच गया। यह कार्रवाई अंबा– हरिहरगंज थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में की गई जहां से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद किया गया है तथा हजारों किलोग्राम जावा महुआ यथा स्थान पर विनिष्ठ किया गया है। जबकि कार्रवाई की भनक पाते ही करोबारी मौके से फरार हो गए। मामले में एसआई मिथिलेश कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर भंवर गांव में की गई जिसमें 128 ड्रम में 31100 किलोग्राम जावा महुआ एवं करीब 400 लीटर कच्ची शराब विनष्ट किया गया। जबकि करोबारी मौके से फरार हो गए। संदर्भ में कांड में कारोबारियों की धर पकड़ की कार्रवाई की जाएंगी। उन्होंने बताया कि शराब बंदी कानून को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए निरंतर कार्रवाई जारी रहेगा। इस जद में जो पकड़े जाएंगे। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस तरह का अभियान लगातार चलाया जाएगा। इस बात की सूचना मिल रही है कि चुनाव को लेकर अवैध शराब का निर्माण हो रहा है। इस पर विशेष नजर रखी जा रही है।

## स्टेट हाईवे पर पीरो थाने के भुलुकुआं गांव के समीप हुई घटना

# बारात जा रही स्कॉर्पियो की ठोकर से बाइक सवार दो युवक की मौत

- फतेहपुर बाजार से दवा लेकर लौट रहे दोनों दोस्तों को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने रौंदा
- मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर उतरे लोग, शव के साथ स्टेट हाइवे को किया जाम
- हादसे के बाद स्कॉर्पियो छोड़ कर भागे बाराती, चालक की तलाश में जुटी पुलिस



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर में बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर पीरो थान क्षेत्र के भुलुकुआं गांव और मनैनी छलका के बीच शनिवार की शाम बारात जा रही स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। उसमें दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतकों में पीरो थाना क्षेत्र के जैसीडीह गांव निवासी कृष्णा राम का 28 वर्षीय पुत्र पनु कुमार और महानंद पासवान का 25 वर्षीय पुत्र रूदल कुमार शामिल हैं। दोनों दोस्त बताये जा रहे हैं। वहीं हादसे के बाद बाराती और चालक स्कॉर्पियो छोड़ भाग गये। स्कॉर्पियो बहोरनपुर इलाके के किसी व्यक्ति की बतायी जा रही है। हादसे के बाद काफी देर तक अफरातफरी मची रही। इधर, हादसे की सूचना मिलने ही ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और सड़क पर उतर गये। गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाया। मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शव के साथ स्टेट हाइवे को जाम कर दिया गया। उससे काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर पीरो थानाध्यक्ष सुबोध कुमार पहुंचे और लोगों को समझाने में जुट गए। बताया जा रहा है कि दोनों दोस्त शनिवार को दवा लेने फतेहपुर बाजार गये थे। दवा लेने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। उसी दौरान भुलुकुआं और मनैनी छलका के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस चालक की पहचान और तलाश में जुटी है। भोजपुर जिले में रफ्तार का कहर जारी है। अनियंत्रित रफ्तार ने फिर एक साथ दो घरों की खुशियां छीन ली। बारात जा रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो नेदो युवकों को रौंद डाला। उससे एक साथ दो घरों में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि पनु कुमार की कुछ साल पहले ही शादी हुई थी। उसे ढाई माह पहले एक पुत्र हुआ था। उससे उसके घर में खुशी का माहौल था। लेकिन यह खुशी काफी दिनों तक नहीं रह सकी।बेटे के जन्म के महज ढाई माह बाद ही उसकी हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, बेटे के जन्म के ढाई माह बाद ही उसकी पत्नी शीला देवी का सुहाग उजड़ गया। पति के वियोग में शीला का रो-रोकर बुरा हाल था।

## नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी 23 फरवरी को आएंगे औरंगाबाद

**औरंगाबाद।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव 23 फरवरी को औरंगाबाद पहुंचेंगे और जिला मुख्यालय स्थित जननायक व गरीबों दलितों के मसिहा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कपूरी ठाकुर विचार मंच व प्रतिमा का अनावरण करेंगे। विदित हो कि उक्त विचार मंच व प्रतिमा का निर्माण कार्य वर्षो पहले हुई थी लेकिन आज तक अनावरण नहीं हो सका। मामले में जानकारी कपूरी ठाकुर विचार मंच के अध्यक्ष सह अधिवक्ता रामप्रवेश ठाकुर एवं महा सचिव विनोद कुमार ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से प्रतिमा व विचार मंच अनावरण करवाने का प्रयास बीते दो वर्षों से किया जा रहा है, लेकिन अब तक उनसे समय नहीं मिला जिसमें आखिरकार मंच के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रतिमा व विचार मंच का अनावरण नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से कराई जाए जिसमें यह निर्णय लिया गया है। 23 फरवरी को प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है जिसकी तैयारी जोरों पर है। इसके लिए जनसंपर्क किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक कार्यकर्ता इसमें भाग ले सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। इस मौके पर उदय कुमार ठाकुर, मुकेश ठाकुर, सुरेश ठाकुर, विजय ठाकुर एवं शिवपूजन ठाकुर मौजूद रहे।

## पर्यटन विकास केंद्र के तत्वाधान में निकाली गई भगवान सूर्य की भव्य रथयात्रा



- यात्रा में मिस इंडिया रनर पूर्णिमा पद्मासना उड़ीसा से देव आकर रथ यात्रा में शामिल हुई
- सूर्य नगरी देव में अचला सप्तमी के अवसर पर भगवान सूर्य का मना जन्मोत्सव

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

ऐतिहासिक एवं पौराणिक सूर्य नगरी देव में अचला सप्तमी के अवसर पर भगवान सूर्य का जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान का रथ तथा कलश यात्रा निकाली गई। देव पर्यटन विकास केंद्र के तत्वावधान में निकाली गई यात्रा में रथ पर भगवान सूर्य की प्रतिमा को स्थापित कर पूरे देव शहर में भ्रमण कराया गया। भ्रमण कराने के पहले किला मैदान में सभी श्रद्धालुओं को मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना कराया गया। गया से पहुंचे विद्वान ब्राह्मणों ने भगवान सूर्य के रथ को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना संपन्न कराया ।रथ यात्रा में यजमान के रूप में समाजसेवी शक्ति मिश्रा,रणधीर सिंह,सुनील प्रताप मुन्ना सपत्नी इस पूजन में शामिल हुए। किला मैदान से निकली रथ सह कलश यात्रा गोदामपर, बाजार,मुख्य सड़क , कन्हौस होते हुए दिवानबाग से लेकर देव के हर जगहों से गुजरा। भगवान के रथ को खींचने के लिए हर श्रद्धालु हाथ बढ़ाते रहे। यात्रा में मिस इंडिया रनर पूर्णिमा पद्मासना उड़ीसा से देव आकर रथ यात्रा में शामिल हुई ।इसके अलावा हजारों श्रद्धालु भगवान के रथ को खींचने के लिए अपनी आस्था प्रकट करते रहे। रथयात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान सूर्य की जयघोष करते रहे। इस रथ सह कलशयात्रा में श्रद्धालुओं के आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरा देव एवं आसपास के गांवों के लोग भगवान के आस्था में डूबे रहे ।बताया गया कि भगवान सूर्य के जन्मोत्सव को लेकर देव एवं आसपास के लोग नमक नहीं खाते हैं। देव पर्यटन विकास केंद्र के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने बताया कि जगन्नथपुरी में निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की तर्ज पर देव में भी भगवान सूर्य के जन्मोत्सव पर सूर्य रथयात्रा निकालने की परंपरा शुरू की गई है। यह रथ यात्रा पिछले कई वर्ष से अचला सप्तमी के दिन भगवान सूर्य के जन्मोत्सव पर निकाली जा रही है। इस रथ यात्रा में उदय सिंह ,अभिनेष कुमार सिंह,मनोज कुमार सिंह,रवि शंकर पाण्डेय, मुकेश कुमार सिंह,तरुण कुमार सिन्हा,पवन कुमार पांडेय,उमा शंकर सिंह,नरेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## डीजे दिखने निकला बच्चे का दूसरे दिन कुएं से मिला शव

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव से शुक्रवार से गायब बच्चे की की मौत हो गयी है। उसका शव शनिवार की दोपहर गांव स्थित कुएं से बरामद किया गया। मृत बच्चा मुकुंदपुर गांव निवासी अर्जुन सिंह का 8 वर्षीय पुत्र राजा कुमार था। शुक्रवार को वह डीजे दिखने घर से निकला था। परिजनों की ओर से डीजे वाले पर कुएं में फेंक कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। इस मामले में बच्चे के दादा भीम सिंह की ओर से प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस की ओर से डीजे वाले से पूछताछ की जा रही है। मृत बालक के दादा भीम सिंह ने बताया कि सरस्वती पूजा को लेकर शुक्रवार को गांव में डीजे बज रहा था। लिलारी गांव का एक डीजे वाला गांव में आया था। उनका पोता भी डीजे देखने गया था। उसके बाद डीजे वाला उनके पोता राजा कुमार को मोबाइल का लालच देकर अपने साथ बधार की ओर ले गया। गांव के तीन लोगों ने डीजे वाले को उनके पोते को ले जाते देखा था। काफी देर बाद भी उनका पोता राजा घर नहीं लौटा, तो उसकी खोजबीन शुरू की गयी। लेकिन काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया। उसके बाद ग्रामीणों ने बताया कि राजा डीजे वाले के साथ बधार की ओर जाते दिखा था। उस आधार पर डीजे वाले से पूछताछ की गयी, तो उसने बताया कि राजा उसके साथ गया था और उसका मोबाइल लेकर वहां से फरार हो गया। भीम सिंह की ओर से लिलारी गांव निवासी डीजे वाले पर मोबाइल का लालच देकर अपने पोते को अपने साथ ले जाने और हत्या कर कुएं में फेंक देने का आरोप लगाया गया है ।उन्होंने कहा कि उनका और उनके परिवार के किसी भी सदस्य से डीजे वाले या किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। इधर, थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही रही है। पूछताछ के बाद ही क्लियर हो पाएगा।









## खबरें फटाफट

### दो थानों के बीच कुल 56 शस्त्रों का किया गया भौतिक सत्यापन

**नावानगर ।** शस्त्र सत्यापन के दूसरे फेज का कार्य शनिवार को संपन्न हो गया। अंतिम दिन नावानगर 5 शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस तरह दूसरे फेज में दो थानों के बीच कुल 56 शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। शस्त्र सत्यापन में शस्त्र का लाइसेंस रिनवल, शस्त्र की भौतिक स्थिति एवं कारतूस की सत्यापन की गई। जिसको लेकर नावानगर व सिकरौल थाना में तीनों दिनों तक गहमागहमी रही। देखा जाए तो दो फेज में नावानगर एवं सिकरौल थाना के बीच कुल 224 शस्त्रों का भौतिक सत्यापन सीओ अजीत कुमार, बीडीओ मनोज कुमार एवं दोनों थानाध्यक्ष क्रमशः डॉ नंदू कुमार एवं विरेन्द्र प्रसाद ने किया। दोनों थाना से मिली जानकारी के अनुसार शस्त्र सत्यापन के पहले फेज में नावानगर में 82 तथा सिकरौल में कुल 86 शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया था। वहीं दूसरे फेज में नावानगर में 28 तथा सिकरौल में 28 शस्त्र सत्यापन की गई है। बीडीओ एवं सीओ ने बताया कि शस्त्रों सत्यापन की रिपोर्ट जिला में भेज दी जाएगी।

### अरक गोलीबारी में चार पर एफआईआर दर्ज

**डुमरांव।** शुक्रवार की शाम कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरक गांव में शुक्रवार की देर शाम गोलीबारी में जख्मी रवि कुमार सिंह के बयान पर गांव के ही चार युवकों पर नामजद एफआईआर दर्ज किया गया है। एफआईआर दर्ज होते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बता दें कि शुक्रवार को देर शाम करीब सवा सात बजे गांव के पंच फेड़वा स्थान के पास दो गुट आपस में भीड़ गए। इस दौरान गोली भी चली जो सत्येन्द्र सिंह के 24 वर्षीय पुत्र रवि के दाहीने जांघ में लग गई थी। इस मामले में जख्मी युवक ने गांव के ही नीतीश चौधरी उर्फ रउल चौधरीए अजय चौधरीए रामजी चौधरी तथा रामकुमार चौधरी को अरोपित करते हुए मामला दर्ज कराया है।

## डुमरांवः राज हाई स्कूल परीक्षा केन्द्र पर द्वितीय पाली का है मामला

# मैट्रिक परीक्षा के दौरान अचानक बीमार हुई आधा दर्जन छात्राएं

- बेचैनी का शिकार हो बेहोश हो जा रही थी छात्राएं
- परीक्षा के बाद अनुमंडलीय अस्पताल में दो छात्राओं को कराया गया एडमिट



**केटी न्यूज/डुमरांव**

मैट्रिक परीक्षा के दौरान राज हाई स्कूल परीक्षा केन्द्र पर करीब आधा दर्जन छात्राएं अचानक बीमार हो गई। छात्राओं में बेचैनी, घबड़हाहट होने लगी। छात्राएं कुछ देर के लिए बेहोश भी हुई। इसके बाद उनमें से दो छात्राओं को परीक्षा के बाद इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह वाकया शनिवार को द्वितीय पाली में संस्कृत विषय की परीक्षा के दौरान हुआ। उनके साथ परीक्षा दिलवाने बतौर अभिभावक आए दोनों छात्राओं के भाईयों ने बताया कि पहले दिन से ही उनके साथ ऐसी समस्याएं आ रही है। छात्राएं अचानक अजीब हरकत करने लगती है। मिली जानकारी के अनुसार नावानगर प्रखंड के रेड रोज गर्ल्स हाई स्कूल कड़सर की छात्राओं का परीक्षा केन्द्र राज हाई स्कूल बनाया गया है। जहां द्वितीय पाली में छात्राएं परीक्षा दे रही है। शनिवार को परीक्षा के दौरान ही नीतू कुमारी पिता उमाशंकर चौधरी, पल्लवी कुमारी पिता अनिल गुप्तेश्वर ठाकुर के साथ ही करीब आधा दर्जन छात्राएं अचानक बीमार हो गई। परीक्षा कक्ष के अंदर वीक्षकों ने उन्हें जैसे तैसे संभाल परीक्षा दिलवाया। लेकिन वहां से बाहर निकलते ही उनकी हरकतें बढ़ने लगी। जिसके बाद नीतू के भाई पंकज पटेल व पल्लवी के भाई अनिल कुमार उन्हें इलाज के लिए लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। पंकज ने बताया कि पहले दिन से ही उनके साथ यह समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि चार अन्य छात्राएं इसी तरह से अजीब हरकत कर रही थी। लेकिन, वे लोग अस्पताल आने के बजाय घर चली गई। पंकज की मानें तो इस बीमारी के कारण नीतू की एक परीक्षा भी छूट गई है।

**डरी सहमी हुई थी छात्राएंः** छात्राओं को देख ऐसा लग रहा था मानों वे डरी सहमी हुई है। शायद वे परीक्षा फोबिया की शिकार हो गई थी। जिस कारण उनके मन में डर बना हुआ था। उनके अजीबो गरीब हरकत के कारण अभिभावक भी परेशान दिखे। अभिभावकों का कहना है कि पहले दिन से ही वे ऐसा कर रही है। जिस कारण यह अनुमान लगाया जा रहा है कि कही उनके मन में परीक्षा केन्द्रों के अंदर बरती जाने वाली सख्ती का भय तो नहीं बन गया है।

**कहते है चिकित्सक**

शरीर में ग्लूकोज, सोडियम व पोटैशियम की कमी से घबड़ाहट, बेचैनी, शरीर में ऐठन व कभी-कभी बेहोशी तक हो जाती है। भूख के वजह से भी ऐसा होता है। प्राथमिक इलाज के बाद उनकी हालत में सुधार हो गया। जिसके बाद छात्राओं को घर भेज दिया गया। **डॉ. बिरेन्द्र राम, चिकित्सक, अनुमंडलीय अस्पताल, डुमरांव**

### गोपगुट कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष बने ओम प्रकाश पांडेय

**बक्सर।** शनिवार को बिहार राज्य पथ एवं भवन निर्माण विभाग कर्मचारी यूनियन गोपगुट जिला इकाई का चतुर्थ जिला सम्मेलन आयोजित हुआ। यह आयोजन पथ निर्माण विभाग के कार्यालय परिसर में किया गया। सम्मेलन का उदघाटन पथ एवं भवन कर्मचारी यूनियन के महासचिव फकरूद्दीन अली अहमद के द्वारा किया गया। सम्मेन का विशिष्ट अतिथि गोपगुट महासंघ राज्य सचिव सह पथ एवं भवन निर्माण विभाग कर्मचारी यूनियन गोपगुट राज्य उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार लाल द्वारा संबोधित किया गया। सम्मेलन को विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ जिला इकाई हीरालाल राम, अध्यक्ष पथ एवं भवन निर्माण जिला इकाई भोजपुर आरा अध्यक्ष राजेश राम द्वारा संबोधित किया गया। वक्ताओं द्वारा सरकार में कर्मचारी विरोधी नीति का विरोध, श्रम कानूनों को बदलने की कारवाई का विरोध, नई पेंशन योजना का विरोध, ठेका मानदेय प्रथा, नीजीकरण का विरोध, किसानों पर अत्याचार का विरोध एवं कर्मियों को प्रताडित करने की कारवाई का विरोध किया गया। चुनाव पदाधिकारी फकरूद्दीन अली अहमद एवं चुनाव पर्यवेक्षक भूपेंद्र कुमार लाल की देखरेख में पैनल की मांग की गई। जिसके पश्चात चुनाव पदाधिकारी द्वारा निर्वाचितों की घोषणा की गई। नये पदाधिकारियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## एक नजर

### 51 महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत मिला मुफ्त गैस कनेक्शन



**बक्सर।** बक्सर के चीनी मिल मोहल्ला स्थित योगेंद्र नाथ इण्डेन गैस एजेंसी द्वारा शनिवार को एक समारोह आयोजित कर 51 महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया। इस दौरान चूल्हा व सिलेंडर पा महिलाएं प्रसन्न नजर आ रही थी। यह वितरण एजेंसी के प्रोपराइटर मृत्युंजय तिवारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। जिसमें लाभार्थियों के बीच बतौर मुख्य अतिथि लाइफ कोच, सोशल एक्टिविस्ट एवं ध्यान योग गुरु वर्षा पाण्डेय ने कनेक्शन का वितरण किया और महिलाओं को सशक्त होने का संदेश दिया। अपने संबोधन में वर्षा पांडेय ने कहा कि एक समय था की हमारी महिलाएं गैस नहीं रहने पर धुंआ में खाना बनाने के लिए विवश थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना उज्जवला के तहत करोड़ों परिवारों को धुंआ से मुक्ति मिली है। इसका यह फायदा होता है कि महिलाओं का उनकी आंख खराब नहीं होती है। अक्सर यह देखने को मिलता था कि धुआं के कारण ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का एक उम्र के बाद इसका असर दिखाई पड़ने लगता था। इस दौरान वर्षा पांडेय ने कहा कि यह प्रयास किया जा रहा है कि इस योजना का लाभ हर घर की महिलाओं को मिले। उन्हें चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को योगेंद्र नाथ इण्डेन गैस एजेंसी के द्वारा जिले के 51 चयनित महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया गया। वही मौके पर एजेंसी के प्रोपराइटर मृत्युंजय तिवारी को साधुवाद जो बक्सर के हजारों परिवारों को इस योजना से जोड़ने का सफल प्रयास कर रहे है।

## तीन थानों में हुआ 37 हथियारों के लाइसेंस का सत्यापन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पिछले तीन दिनों से चल रहे अग्नेयास्त्रों के सत्यापन के दौरान अनुमंडल के तीन थानों में कुल 37 लाइसेंसी हथियारों के लाइसेंस का सत्यापन किया गया। बता दें कि लोक सभा चुनाव के मद्देनजर व निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हथियारों का सत्यापन कराया जा रहा है। 15 से 17 फरवरी तक चले इस सत्यापन में डुमरांव थाने में 22, मुरार थाने में 10 और कोरानसराय थाने में पांच समेत कुल 37 हथियारों का सत्यापन कराया गया है। सत्यापन के दौरान तीनों थानों के थानाध्यक्ष के साथ ही बतौर मजिस्ट्रे प्रतिनियुक्त किए गए अधिकारी मौजूद थे। डुमरांव की थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अनिशा राणा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यह सत्यापन करवाया गया है। उन्होंने कहा कि जिन लाइसेंसधारियों ने अपने हथियारों का सत्यापन नहीं करवाया होगा, उनपर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी ओर सुबह से ही थानों का लाईसेंसधारियों की भीड़ जमा हो गई थी। लोग अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे थे।

## ईनाम घोषित होते ही पकड़ा गया कुख्यात सीताराम मुसहर

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के टॉप टेन अपराधियों में शामिल व 25 हजार के इनामी सीताराम मुसहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी राजपुर थाना क्षेत्र के सरेंजा गांव के पास से हुई है। शनिवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उस पर अपनी दूसरी पत्नी शिवकुमारी देवी को जहरीला पदार्थ पिला हत्या करने के आरोप के साथ ही शराब तस्करी के तीन मामले दर्ज है। वह पिछले एक साल से पुलिस की नजरों से फरार चल रहा था। हाल ही में एसपी मनीष कुमार ने सीताराम मुसहर समेत टॉप टेन में शामिल पांच कुख्यातों पर 25 हजार का ईनाम रखा था। एसपी ने बताया कि पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। इसी दौरान उसके सरेंजा में होने की जानकारी मिली। जिसके बाद एक टीम गठित कर छापेमारी करवाई गई, जिसमें वह गिरफ्तार हो गया। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। वह मूल रूप से कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिया डेरा गांव का रहने वाला था। शराब के नशे में भाई के पकड़े जाने के बाद पत्नी की हत्या किया था।






## भाजपा की बैठक में बूथ कमेटी व पन्ना प्रमुख बनाने पर हुई चर्चा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार को पुराना भोजपुर में भाजपा नगर मंडल इकाई की एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा ने व संचालन महामंत्री रोहित सिंह ने किया। बैठक में मंडल पदाधिकारियों के साथ शक्ति केंद्र प्रमुख तथा बुथ अध्यक्ष शामिल थे। बैठक में कार्यकताओं को शीघ्र बुथ कमेटी एवं पन्ना प्रमुख बनाने को कहा गया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव अब नजदीक आ गया है। ऐसे में कार्यकताओं का दायित्व बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि लोस चुनाव में पार्टी की जीत सुनीश्चित करने के लिए बूथ कमेटि तथा पन्ना प्रमुख की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। कार्यकताओं को बूथ कमेटि बनाने तथा पन्ना प्रमुख के चयन पर गंभीरता से लगना होगा। बैठक में जगदीश कुमार साह, उमेश कुमार राय, अक्षय मणि सिंह, अंकु कुमार चंद्रवंशी, अमित सिंह, आदित्य तिवारी, छोटू तिवारी, अभिषेक राय, संदीप तुरहा समेत दर्जनों युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में विश्वास जताते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें नगर महामंत्री रोहित एवं मंत्री मुखिया सिंह कुशवाहा द्वारा सदस्यता ग्रहण कराया गया।बैठक में नगर उपाध्यक्ष पशुपतिनाथ राय, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनिल कुमार, अमित कुमार, मनीष कुमार, मनु कुमार, जितेंद्र पांडेय, रामसागर शर्मा, उमेश कुमार राय, गोवर्धन वर्मा, श्रीकांत ओझा, मनोज पाठक, प्रेम प्रकाश पांडेय, मनोज पाठक समेत दर्जनों अन्य उपस्थित थे।

## सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान नंदन में भिड़े दो गुट, तीन जख्मी, जांच में जुटी पुलिस

- अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया घायलों को इलाज, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार की दोपहर स्थानीय थाना क्षेत्र के नंदन गांव में मां सरस्वती के प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष के तीन युवक जख्मी हो गए। जिनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में करवाया गया। वही घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जख्मियों में राम प्रवेश महतो के 28 वर्षीय पुत्र चंद्रमा सिंह, नील कमल गुप्ता के 25 वर्षीय पुत्र राहुल गुप्ता तथा सोना महतो के 18 वर्षीय पुत्र लालबाबू शामिल है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष द्वारा इस मामले में लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। जख्मी राहुल गुप्ता ने बताया कि वे लोग गांव के झिकड़ी पर मां सरस्वती की प्रतिमा रख पूजा अर्चना के बाद शनिवार को विसर्जन करने जा रहे थे। अभी विसर्जन जुलूस गांव के बाहर निमार्णाधीन पेट्रोल पंप के पास पहुंचा ही था कि पहले से सरसो के खेत में लाठी-डंडा से लेकर छिपे दूसरे पक्ष के लड़के अचानक मारपीट करने लगे। कोई कुछ समझता तथा बीच बचाव करता तबतक तीन लोगों की पिटाई कर अरोपित फरार हो गए। इस घटना के बाद से गांव में गुटीय तनाव कायम है। वही पीड़ित पक्ष द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं कराए जाने के बावजूद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। डुमरांव थानाध्यक्ष अनिशा राणा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। अभी तक पीड़ित पक्ष ने शिकायत दर्ज नहीं कराया है। बता दें कि मैट्रिक परीक्षा के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सभी पूजा समितियों को शुक्रवार को हर हाल में मां सरस्वती के प्रतिमाओं के विसर्जन का निर्देश दिया गया था। सभी थानों में पूजा के ऐन पहले शांति समिति की बैठक में भी पूजा समितियों को इस बात के निर्देश दिए गए थे कि शुक्रवार को मूर्तियों का विसर्जन निश्चित रूप से करना है। लेकिन प्रशासनिक सुस्ती से न सिर्फ नंदन में बल्कि कई अन्य गांवों में भी शनिवार को भी मूर्तियों का विसर्जन होते रहा।






## डीएम समेत जिला स्तरीय अधिकारियों ने लिया परीक्षा का जायजा

# देवभाषा संस्कृत की परीक्षा संपन्न, 389 परीक्षार्थियों ने छोड़ा परीक्षा

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आहूत मैट्रिक परीक्षा के तहत शनिवार को दोनों पालियों में देवभाषा संस्कृत की परीक्षा आयोजित की गई। जिले के सभी 28 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न होने की जानकारी मिली है। दोनों पालियों की परीक्षा काफी सख्ती के बीच ली गई। दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 29 हजार 771 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, जिसमें कुल 29 हजार 382 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 389 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में प्रवेश देने से पूर्व विधिवत चिट पूर्जों की जांच की गई। जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया। परीक्षा को शांतिपूर्ण कराने को लेकर अधिकारियों की वाहन लगातार दौड लगाती रही। वहीं जिला पदाधिकारी समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।



**डीएम एसपी ने लिया जायजाः** डीएम अंशुल अग्रवाल एवं एसपी मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु निरीक्षण किया। जिला दण्डाधिकारी बक्सर के द्वारा बिहार पब्लिक स्कूल अहिरौली बक्सर, पीसी कॉलेज इटाढी रोड़ बक्सर एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय जासो बक्सर का किया गया। वहीं उन्होंने वहां प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान डीएम एसपी ने प्रत्येक परीक्षा हॉल के अंदर संबंधित केंद्राधीक्षक को दीवाल घड़ी लगाने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

**29 हजार 885 परीक्षार्थी रहे उपस्थितः**

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में तीसरे दिन जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सुचना अनुसार जिले के सभी 28 केंद्रों पर प्रथम पाली की परीक्षा में कुल 14 हजार 765 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। जिसमें कुल 14 हजार 561 उपस्थित एवं 204 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में निष्कासित छात्र की संख्या शून्य रही। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा में कुल 15 हजार 06 परीक्षार्थियों को उपस्थित होना था। जिसमें कुल 14 हजार 821 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 185 अनुपस्थित रहे। जबकि निष्कासित छात्र की संख्या शून्य रही। सभी परीक्षा केंद्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।




# पुलिस भर्ती परीक्षा से पूर्व एक अभियुक्त को 16 प्रवेश पत्र के साथ हुआ गिरफ्तार

- परीक्षा पास कराने के नाम पर अभ्यर्थियों से लिया था 8.99 लाख रुपए
- अभियुक्त के कब्जे से प्रवेश पत्र, मूल अंक प्रमाण पत्र व चार स्वयं के फर्जी आधार कार्ड किया गया बरामद

**केटी न्यूज/बलिया**

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा होने से पहले जनपद की रसड़ा पुलिस ने कोटवारी मोड़ के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधी धाराओं में चालान कर दिया। अभियुक्त के कब्जे से 16 प्रवेश पत्र, 12 मूल प्रमाण पत्र, 04 स्वयं के फर्जी आधार कार्ड, एक मोबाइल स्क्रीन टच आई. फोन 13 एप्पल तथा एक अदद लेखबद्ध डायरी बरामद किया गया। अभियुक्त ने परीक्षा पास कराने के नाम पर अभ्यर्थियों से 8,99,000 रुपये वसूली किया था। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम और पता सलीम अन्सारी पुत्र नईमुद्दीन अन्सारी निवासी वार्ड नं. 21 उत्तर पट्टी थाना रसड़ा जनपद बलिया बताया। बता दें कि रसड़ा पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पुलिस भर्ती परीक्षा में एक व्यक्ति सक्रिय है। जिसका नाम सलीम अन्सारी पुत्र नईमुद्दीन अन्सारी निवासी वार्ड नं. 21 उत्तर पट्टी थाना रसड़ा जनपद बलिया का रहने वाला है जो कि उप्र पुलिस भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा पास कराने का झांसा देकर वसूली करने एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धनार्जन कर रहा है। रसड़ा पुलिस टीम दबिश दिया। जहां से सलीम अन्सारी पुत्र नईमुद्दीन अन्सारी निवासी वार्ड नं. 21 उत्तर पट्टी थाना रसड़ा को गिरफ्तार किया गया।



## जनपद के 43 केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुई पुलिस आरक्षी भर्ती की परीक्षा

**बलिया।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा संचालित पुलिस आरक्षी भर्ती के पहले दिन की दोनों पाली की परीक्षा जिले में 43 केंद्रों पर सकुशल संपन्न हुई। पूरी परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार और पुलिस अधीक्षक देवरंजन वर्मा गतिशील रहे। दोनों अधिकारियों ने शहर व आसपास के आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। इसके अलावा फोन के माध्यम से पूरे जिले में हो रही परीक्षा पर नजर बनाए हुए थे। दो पाली मे हुई परीक्षा में पहली पॉली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से पांच बजे तक हुई। डीएम ने सबसे पहले सेंट जेवियर स्कूल में पहुंचे और वहां केंद्र व्यवस्थापक को परीक्षार्थियों की प्रॉपर फ्रिस्किंग,डबल चेकिंग,इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस एवं परीक्षा से जुड़ी अन्य संवेदनशील बिन्दुओं पर जानकारी ली। कुंवर सिंह स्नाकोत्तर महाविद्यालय और कुंवर सिंह इंटर कॉलेज में जाकर हो रहे परीक्षा का जायजा लिया। दूसरी पाली में उन्होंने पुलिस लाइन में बनाए गए कंट्रोल रूम में जाकर जानकारी ली।

## एक नजर

### 21 से 24 फरवरी तक लगेगा चिह्नांकन शिविर

**बलिया।** सिविल लाइन स्थित विकास भवन में शनिवार की दोपहर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण के लिए 17 विकास खण्डों में 21 से 24 फरवरी तक प्रातः 11 बजे से अपराह्न चार बजे तक चिह्नांकन शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें विकासखंड मुरली छपरा, बैरिया, रसड़ा, नगरा में 21 फरवरी को, विकास खण्ड सीयर, चिलकहर, नवानगर, पन्द्रह में 22 फरवरी को, विकास खंड रेवती, बांसडीह, मनियर, बेरूआरबारी में 23 फरवरी को, विकासखंड सोहाव, गड़वार, बेलहरी, दुबहड, हनुमानगंज में 24 फरवरी को शिविर का आयोजन किया गया है। बताया कि आवेदन के लिए दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक हो, यूडीआईडी कार्ड की छायाप्रति, आवेदक की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र हेतु 46080 तथा नगरी क्षेत्र हेतु 56460 से अधिक ना हो, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा निर्गत ग्राम सभा का प्रस्ताव दिव्यांग पेंशन हेतु एक पासपोर्ट आकार का नवीन फोटोग्राफ लाना अनिवार्य होगा।

### बड़ागांव में अब रोडवेज बस का होगा ठहराव

**मऊ ।** नगर विकास एव उर्जा मंत्री एके शर्मा ने क्षेत्रीय जनता की मांग पर बड़ागाव मे यात्रियो की सुविधा के हेतु बस स्टैंड कीव्यवस्था करा दी है। उन्होने बताया कि पहले यहा पर बसरुकती थी, इसलिए यहां भी बस स्टाफ रहना जरूरी है। यहसोचकर इसके लिए परिवहन मंत्री से बात की और उन्होने तुरंतयहां पर बस रोके जाने का आर्डर कर दिया। इसके चलते वहापर एक घन्टे के भीतर एक बस आकर रुकी, मंत्री जी ने उसेहरी झण्डी दिखाकर रवाना भी कर दिया।

### खेत की सिंचाई करने गये किसान की मिली लाश

**गाजीपुर।** जनपद के सेवराई तहसील के पास बड़ी नहर में एक व्यक्ति की लाश मिलने से चहुंओर सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को किसी तरह बाहर निकाला। उसकी पहचान सेवराई गांव निवासी सोनू गुप्ता उर्फ छठू (49) के रूप में की गई। खेती- बारी का काम करने वाला सोनू गुप्ता देर शाम खेत की सिंचाई करने के उद्देश्य से घर से निकले थे। आशंका जताई जा रही है कि नहर पर बनी मेढ़ी से पैर फिसलने के कारण बड़ी नहर में गिर गए और गहरे पानी में चले गए। इसके बाद वह पानी में डूब गया। इसकी जानकारी किसी को नहीं हो पाई, क्योंकि आस-पास कोई राहगीर नहीं था। बता दें कि सेवराई तहसील के बगल स्थित बड़ी नहर में सोनू गुप्ता का शव मिलने से घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। इसका खबर परिजनों को मिलते ही कोहराम मच गया। रोते - बिलखते परिजन घटना स्थल की ओर निकल पड़े। मृतक के दो पुत्र आदित्य- 21 व भोलू -19 एवं पत्नी चंदा का रो-रो कर बुरा हाल था। आदित्य गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसके पिता देर शाम गेहूं की फसल की सिंचाई करने के लिए खेत पर गए थे। किसी कारणवश उनका पैर नहर में फिसल जाने की वजह से पानी में डूबकर उनकी मौत हो गई। गहमर थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण का पता चल पाएगा। इस घटना से जहां घर में मातम पसरा हुआ है।उधर क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई है।

### अजित यादव बने सपा छात्र के प्रदेश उपाध्यक्ष



**चन्दौली।** समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष इं विनीत कुशवाहा ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय में छात्र रणनीति में सक्रिय रहे छात्र नेता अजित यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। अजित यादव को मिली इस जिम्मेदारी से समर्थकों व ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। विदित हो कि अजित धानापुर विकास खंड के बरहन गांव के रहने वाले है। जो इससे पूर्व समाजवादी प्रदेश सचिव का दायित्व संभाल रहे थे। लेकिन पार्टी उनकी नेतृत्व क्षमता और कार्यकुशलता को देखते हुए समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है. वहीं अजित यादव ने इस नई जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा संगठन की तरफ से मिली जिम्मेदारी निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करूंगा। समाजवादी विचारधारा सामन्तवाद हाबी हैं,इसे बनाए रखना ही मेरा लक्ष्य होगा। बता दें कि अजीत यादव काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से स्नातक व परास्नातक की शिक्षा प्राप्त की. इस दौरान समाजवादी पार्टी से जुड़कर 2014 से ही समाजवाद की विचारधारा को बुलंद करते रहे है।इस दौरान उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। इस दौरान इमरान रिंकू, सत्येन्द्र यादव सत्या, दिलीप पासवान, अभिनव पांडेय रंजीत कुमार, शंशाक यादव उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### परीक्षा के दौरान प्रशासन रखा सख्त

मऊ। जिला अधिकारी प्रवीण मिश्र ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस पद हेतु लिखित परीक्षा के दौरान कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जिसमे चंद्र देव स्मारक महिला महाविद्यालय खानपुर, कृष्णा इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन फॉर वूमेन तेंदुली पलीगढ़, जय मां खंडवारी महिला महाविद्यालय कोटवा कोहिनौर सहित अन्य केंद्र शामिल है। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु तैनात कर्मचारियों को सुचिता पूर्ण ढंग से परीक्षा को संपन्न करने के निर्देश दिए ।उन्होंने बोर्ड द्वारा परीक्षा हेतु जारी दिशा निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को भी कहा। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे के कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को सीसीटीवी कैमरो द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे फुटेज पर सजग नगर रखने के निर्देश दिए ।इसके अलावा परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का ठीक ढंग से पहचान करने एवं समय सीमा का अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

### डेढ़गांवा में बीस नामजद महिला सहित दो सौ अज्ञात पर एफआईआर

चंदौली। डेढ़गांवा गांव में बीते दो दिन पूर्व महिलाओं द्वारा धरना प्रदर्शन के दौरान सकलडीहा कमालपुर मार्ग को अवरूद्ध कर देने का आरोप है। जिसे लेकर कोतवाली पुलिस ने बीस नामजद महिला सहित दो सौ अज्ञात के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से ग्रामीणों में खलबली मची हुई है। एक दिन पूर्व गांव के 37 लोगों को दोनों पक्ष से पांच पांच लाख में पुलिस की रिपोर्ट पर एसडीएम न्यायालय से पाबंद किया गया है। गांव में बढ़ते तनाव को देखते हुए पीएससी और पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। डेढ़गांवा गांव में बीते एक फरवरी को गांव की डेयरी से दूध लेने को लेकर बच्चों में विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष को मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। आक्रोशित दूसरे पक्ष के लोग दर्जनों की संख्या में पहुंचकर एक ईट भट्ठे पर जमकर बबाल मचाया। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल होगये थे। जिन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। इस मामले में एक पक्ष से दो लोगों के खिलाफ एससीएसटी और आठ लोगों के खिलाफ मारपीट बलवा सहित विभिन्न धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इलाज के दौरान बीते मंगलवार को एक पक्ष के 45 वर्षीय ज्योति सिंह का मौत होगया। घटना को लेकर गांव में तनाव को देखते हुए पीएसी और पुलिस तैनात कर दिया गया है। इसके बावजूद गुरूवार की रात में और शुक्रवार को सुबह एक पक्ष की महिलाओं ने दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा मारने पीटने व दुर्व्यहार करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क जाम कर दिया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने बीस नामजद महिला और दो सौ अज्ञात के खिलाफ मार्ग अवरूद्ध करने पर मुकदमा दर्ज किया है।

**पूर्व की सरकारों की नीतियों और नक्सल प्रभावित होने के कारण चंदौली में नहीं लग पाये थे उद्योग**

# प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण चंदौली पर उद्यमियों की नजर

- 23,457 करोड़ से अधिक के निवेश के लिए शामिल होंगे 57 निवेशक
- पूर्व की सरकारों के नीतियों और नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण चंदौली में नहीं लग पाए थे उद्योग

**केटी न्यूज/चंदौली**



धान का कटोरा कहे जाने वाले चंदौली में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत उद्योगपतियों की काफी रुचि दिखाई दी थी। अब इसका परिणाम धरातल पर भी दिखने लगा है। उर्वरा भूमि और प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण चंदौली में 57 निवेशक, 23,457.7 करोड़ के निवेश के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी -4.0) में शामिल होंगे। इस निवेश के माध्यम से 29,241 लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। चंदौली में सबसे अधिक निवेश डिपार्टमेंट ऑफ एडिशनल सोर्सेस ऑफ एनर्जी में आया है। यह निवेश 15,590 करोड़ का है। एमएसएमई और निर्यात प्रोत्साहन विभाग में सबसे अधिक 19 प्रोजेक्ट में निवेश आया है। यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण सबसे ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को लखनऊ में जीबीसी का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर जनपदों में भी कार्यक्रम होंगे। लखनऊ में 10 करोड़ के ऊपर वाले 15 निवेशक लखनऊ और शेष चंदौली में जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी का पड़ोसी जिला चंदौली कभी वाराणसी का हिस्सा हुआ करता था। पूर्व की सरकारों की नीतियों और नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण चंदौली में उद्योग नहीं लग पाए। चंदौली जिले में संसाधनों के रहते भी इंडस्ट्री नहीं पहुंच पाई। योगी सरकार ने मूलभूत सुविधाओं के साथ विकास किया और नक्सल समेत बिगड़ी कानून व्यवस्था पर नकेल कसी तो उद्योग के लिए निवेशकों ने रूचि दिखाना शुरू कर दिया। चंदौली के जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने बताया कि 23457.7 करोड़ का निवेश निवेश धरातल पर उतर रहा है। जीबीसी 4.0 में 57 निवेशक शामिल होंगे। इसमें 10 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाले 15 निवेशक लखनऊ में शामिल होंगे ,बाकी चंदौली में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूरे निवेश से चंदौली और आसपास के 29241 लोगों को रोजगार मिलेगा।

जीबीसी 4.0 में शामिल होने वाली सूचीः कृषि विभाग से 1.73 करोड़, पशुपालन विभाग से करोड़ 49, सहकारिता विभाग से करोड़ 36, डेयरी विकास विभाग से करोड़ 93, ऊर्जा के अतिरिक्त स्रोत विभाग से 15590 करोड, चिकित्सा स्वस्थ विभाग से करोड़--23से अधिक निवेश की संभावना जतायी जा रही है। यह सरकार का यह प्रयास है कि इसमें अधिक से अधिक निवेशकों को शामिल किया जाए। जिससे क्षेत्र को रोजगार व आर्थिक समृद्धि का विकास हो।

## तीन स्कूलों के खिलाफ बीएसए ने लिया एक्शन

**बलिया।** बीएसए मनीष कुमार सिंह ने निरीक्षण में बंद मिले तीन स्कूलों के प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र एवं समस्त कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वेतन-मानेदय की कटौती की है। वहीं सभी को निर्देशित किया गया है कि अपनी अनुपस्थिति के सम्बन्ध में साक्ष्यमय स्पष्टीकरण 07 दिवस के अन्दर खंड शिक्षाधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बीएसए मनीष कुमार सिंह ने बताया कि उनके साथ ही खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयकों द्वारा परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान शिक्षा क्षेत्र मुरलीछपरा का प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमाबाद नम्बर 2, शिक्षा क्षेत्र सीयर का प्राथमिक विद्यालय रछौली व शिक्षा क्षेत्र सोहांव का प्राथमिक विद्यालय बैरिया बंद पाया गया, जिनका विवरण प्रेरणा पोर्टल पर अंकित है। बीएसए ने कहा है कि निरीक्षण के दौरान निर्धारित समय में स्कूल का बन्द पाया जाना, वहां कार्यरत प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र एवं समस्त कर्मचारियों की अनुशासनहीनता, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना तथा सौंपे गये कार्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही को प्रदर्शित करता है।

## भगवान नाम सुमिरन से पापियों को मिलती है मुक्ति : शालिनी



**केटी न्यूज/चंदौली**

फुलवरिया स्थित माता शुभांगी देवी तस्य पुत्र श्रीराम अवतार ब्रह्म मंदिर पर आयोजित चार दिवसीय वार्षिक पूजन और श्रृंगारोत्सव में चल रहे चार दिवसीय श्रीराम कथा का समापन शनिवार को साधु पंगत और भंडारे के साथ संपन्न हो गया। चौथे दिन कथा सुनाते हुए शालिनी त्रिपाठी ने कहा कि भगवान के भजन से मनुष्य को मुक्ति प्रदान होता है। इंसान भले ही जीवन में कितने पाप कर्म किए हो, लेकिन जब उसके अंदर का ज्ञान जागृत हो और वह प्रभु का स्मरण करें तो अंत समय में भी भगवान का नाम सुमिरन करने से मुक्ति मिल जाती है। इस दौरान उन्होंने धनुष भंग और श्रीराम विवाह की कथा सुनाते हुए जनकपुर से सीता के विदाई का प्रसंग सुनाकर लोगों को भाव व्हीवल कर दिया और लोगों की आंखों से आंसू छलक पड़े। चार दिवसीय श्रृंगारोत्सव के चौथे दिन शनिवार को दिन सुबह 8 बजे से हवन पूजन से कार्यक्रम का शुरुआत हुआ ।दोपहर में विचार गोष्ठी हुयी। शाम तीन बजे से कथा सुनाने मंच पर बिराजी कथा वाचिका ने मानस जी की आरती के साथ कथा प्रारम्भ किया। कार्यक्रम आयोजक ब्रह्म बाबा पूजा समिति के

## आपदा के बचाव के लिए डेमो के माध्यम से दिया गया प्रशिक्षण, जागरूक करने का प्रयास

**केटी न्यूज/ मऊ**



जिला क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर कायाकल्प-एनक्यूएएस अवार्ड के लिए आपदा प्रबन्धन (डिजास्टर मैनेजमेंट) विषयक पर प्रशिक्षण-कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा नन्दकुमार ने दी। सीएमओ डा नन्दकुमार ने बताया कि इस कार्यशाला में मुख्य रूप से आग लगने पर बचाव के उपाय तथा अग्निशमन को 101 नं के टोलफ्री नं सूचित करने की जानकारी दी गयी। साथ ही भूकंप आने पर क्या करें कैसे करें, क्या न करें के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी, तथा प्राथमिक उपचार के बारे में तथा चिकित्सकीय उपचार हेतु 108 नं के टोलफ्री नं. को सूचित करने का प्रशिक्षण दिया गया। अगल-बगल में मौजूद साधनों से स्ट्रेचर का कैसे बनाया जा सकता है तथा उसका उपयोग कर डेमों करके दिखाया गया। आकस्मिक परिस्थियों में सर्पदंश के बचाव तथा उपचार के उपाय भी बताये गये। इस प्रशिक्षण में मु शरीफ, डिस्ट्रिक मास्टर ट्रेनर आपदा प्रबन्धन द्वारा प्रतिभागीयों को प्राकृतिक आपदा तथा मानवीय आपदा के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इसका संचालन सुनील कुमार सिंह, एआरओ एवं सौरभ साहनी, प्रशासनिक कम कार्यक्रम सहायक, क्वालिटी एस्योरेंस कार्यक्रम के द्वारा किया गया। कार्यशाला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरलाई परदहां मऊ पर डा इन्दुरानी अग्रवाल, डा श्रृष्टि सिंह, गुड़िया सिंह, बीपीएम, बगिसा, बीसीपीएम, सुप्रिया सीएचओ, रहतुल्लाह अंसारी फार्मासिस्ट, आशा एवं आगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहे।

**हॉट कुक्ड मील के लिए तत्काल खरीदे बर्तन**

# आंगनबाड़ी के बच्चों को दें पोषण युक्त भोजन : डीएम

**केटी न्यूज/मऊ**



जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में पोषण अभियान के अंतर्गत जिला पोषण-समिति जिला कन्वर्जेंस समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने अवगत कराया कि प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्म पका भोजन योजना के अंतर्गत प्राथमिक-उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्थापित रसोई घरों में विद्यालय के रसोइयों द्वारा भोजन बनाकर 3 से 6 वर्ष के बच्चों को माह दिसंबर 2023 में हॉट कुक्ड मील योजना का वितरण किया जाए। जनपद में 1609 को लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 1606 को लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों पर संभावित औसत उपस्थिति के अनुसार बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत हॉट कुक्ड बिल की धनराशि प्रेषित कर दी गई है। नान को लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्म पका भोजन योजना संचालन हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अभी तक बाल विकास परियोजना मोहम्मदाबाद गोहाना के 05 नान को लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों को छोड़कर किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र पर हॉट कुक्ड मील योजना के अंतर्गत खाना बनाए जाने वाले एवं खाना खिलाए जाने वाले बर्तन का क्रय नहीं किया गया है। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि समस्त नान को लोकेटेड केंद्रों पर एक सप्ताह में गैस, चूल्हा, भोजन पकाने एवं खाने वाले बर्तनो का क्रय करना सुनिश्चित करें। जिससे आंगनबाड़ी केन्द्रो के बच्चों को हॉट कुक्ड मिल वितरण किया जा सके। बच्चों के वजन, लंबाई/ऊंचाई की फीडिंग के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक माह बच्चों का वजन, लंबाई-ऊंचाई का माप लेते हुए पोषण ट्रैकर एप पर फीडिंग किया जाना है। माह जनवरी 2024 में जनपद की औसत फीडिंग 98.94 रही, जो दिसंबर 2023 फीडिंग 98.45 से 0.49 ज्यादा रही। सबसे कम फील्डिंग विकास खण्ड बडरांव, कोपागंज एवं परदहां की फीडिंग पर जिलाधिकारी द्वारा गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए। पूछा गया कि जनपद के सभी केन्द्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस की पर्याप्त उपलब्धता है अथवा नहीं। डीएम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।



